उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
Uttarakhand Power Corporation Ltd.
(A. Govt. of Uttarakhand Undertaking)
CIN : U40109UR2001SGC025867
Email ID: md@upcl.org, Website: www.upcl.org

पत्रांक /प्र0नि0/उपाकालि/ OM दिनांकः 06/10/2025

## कार्यालय ज्ञाप

संज्ञान में आया है कि स्थानान्तरण आदेशों के अनुपालन में कार्यअवमुक्त होने वाले अधिकारीगणों/कार्मिकों द्वारा प्रायः कार्यभार हस्तगत करते समय नवतैनात अधिकारीगणों/कार्मिकों के साथ न तो उस पद के अधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति एवं अवशेष/लम्बित कार्यों (Charge Handing Over Memo) की सूची का आदान-प्रदान किया जा रहा है और न ही इस सम्बन्ध में ई0आर0पी0 प्रणाली में निर्धारित प्रपत्र में सूचना को अद्यतन किया जा रहा है।

उक्त के परिणामस्वरूप कार्यभार ग्रहण करने वाले अधिकारी/कार्मिक द्वारा सन्दर्भित कार्यों के सम्बन्ध में त्वरित एवं स्वाभाविक समझ विकसित करने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगने के कारण अवशेष/लम्बित कार्यों को गति प्रदान कर ससमय पूर्ण किया जाना प्रभावित हो रहा है।

अतः उक्त परिदृश्य एवं ई0आर0पी0 योजना के सुचारू संचालन की अपरिहार्यता को दृष्टिगत रखते हुए एतद्द्वारा आदेशित किया जाता है कि समस्त अधिकारी/कार्मिक कार्यभार हस्तगत/ग्रहण करते समय उस पद के अधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति एवं अवशेष/लम्बित कार्यों (Charge Handing Over Memo) की सूची का आदान-प्रदान किया जाना सुनिश्चित करने एवं तत्सम्बन्ध में ई0आर0पी0 प्रणाली के अन्तर्गत Smart Business Work Place (SBWP) की लम्बितता को पूर्ण अथवा अग्रसारित करना सुनिश्चित करने के साथ ही साथ ई0आर0पी0 प्रणाली के अन्तर्गत समस्त कार्यों के टिप्पणी कॉलम में अपनी समुचित टिप्पणी भी उल्लेख़ित किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त आदेशों के यथेष्ठ अनुपालन में किसी भी स्तर पर अवहेलना के परिणामस्वरूप ई0आर0पी0 योजना का प्रभावी संचालन प्रभावित होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिकारी/कार्मिक के विरूद्ध विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए सम्बन्धित अधिकारी/कार्मिक स्वयं उत्तरदायी होंगे।

(अनिल कुमार)
प्रबन्ध निदेशक

पत्रांक 8043 /प्र0नि0/उपाकालि/ दिनांकः

1. निदेशक (परिचालन/परियोजना/वित्त), उपाकालि, वि.क्रा.वि. गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून ।
2. प्रोसेस ऑनर (FICO/MM/HCM), उपाकालि, वि.क्रा.वि. गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
3. समस्त मुख्य अभियन्ता (वितरण/जानपद/परियोजना/क्रय एवं अनुबन्ध), उपाकालि, .........
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उपाकालि, (वितरण/जानपद/परियोजना), .................... ।
5. अधीक्षण अभियन्ता (आई0टी0,स्काडा,ई0आर0पी0), उपाकालि, वि.क्रा.वि. गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून।
6. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उपाकालि, (वितरण/परीक्षण/जानपद/परियोजना), ................ ।
7. अधिशासी अभियन्ता (सू0प्रौ0), उपाकालि, वि.क्रा.वि. गबर सिंह ऊर्जा भवन, देहरादून को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विभागीय वैबसाईट पर प्रदर्शित करवाना सुनिश्चित करे।

(अनिल कुमार)
प्रबन्ध निदेशक